## BUSINESS OF THE HOUSE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business in this House during the week commencing 29th July, 1974, will consist of:

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper,

2. Consideration and passing of:

(a) The Companies (Amendment) Bill, 1972, as reported by the Joint Committee.

(b) The Oil Industry (Development) Bill, 1974.

(c) The Major Port Trusts (Amendment) Bill, 1974.

3. Discussion on the Resolution seeking disapproval of the Essential Commodities (Amendment) Ordinance, 1974 and consideration and passing of the Essential Commodities (Amendment) Bill, 1974, as passed by Rajya Sabha.

4. Consideration and passing of the Finance (No. 2) Bill, 1974.

MR. SPEAKER: I will go in the same serial order in which I have received them.

SHRI SAMAR GUHA (Contai): I want to draw your attention to the report that has appeared in the States man of Calcutta of 25th July. In this report they have published the report of the Netaji Inquiry Commission and has given a two-column report.

A few days ago I met the Prime Minister as also the Minister of Home Affairs. Both of them declined to disclose the findings of the Netaji Inquiry Commission, but I now find that a Calcutta paper having anti-Netaji background has been chosen to leak out the findings of the Commission. And, the reason is obvious.

I do not know whether Mr. Khosla has also supported the findings of the Shawnawaz Khan Committee. But in the course of the proceedings of the Commission, Mr. Khosla observed about Shawnawaz Khan Committee:

"The report of the Shawnawaz Khan Committee is non-existent for the Khosla Commission."

Again, he observed:

"Mr. Shawnawaz Khan came before the Commission to plead his own case."

Further, he observed:

"Of course, Shri Shahnawaz Khan told lies."

But, I am now surprised to find that it is totally correct that he has dittoed the findings and proceedings of the Shahnawaz Khan Committee.

It was not surprising that Mr. Khosla, after retirement as Chief Justice of the Punjab High Court, was presiding over and over again ceaselessly over commissions after commissions and strange enough, when he was conducting the Inquiry Commission's work he wrote a biography of the Prime Minister . . .

MR. SPEAKER: This is about the business for next week.

SHRI SAMAR GUHA: I am coming. He wrote a biography of the Prime Minister an unusual thing, euologising her and also bringing gifts from abroad for the Prime Minister, While going abroad as the Chairman of the Commission and it was not unexpected Judge of such devalued integrity that he will act as a puppet and submit a dictated report.

I am more than definite from all the inquiries that I have made and informations that I have, that Netaji did not die in that plane crash. I have many reasons to believe that Netaji is still alive. Through you, today, I am giving an ultimatum to the Home Minister that if

the Netaji Inquiry Commission's report is not submitted next week, I have to take a stand which may not be in conformity with the ordinary propriety or norms of parliamentary behaviours and if it means, I remind you, Sir, a heavy cost I have to pay. Four years have passed. Now one month after the report was submitted, it has been leaked out and I am not going, nor the country is going, to tolerate if it has not been released. I repeat, whatever be the price I have to pay, next week if it is not submitted, I have to take some positive stand.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): I want to raise a matter concerning the Delhi University where a serious situation has been created by the management of the Shamlal College who has illegally dismissed three teachers of the college. The Teachers' organization came out protesting against this. Students also came out in protest of this. The strange thing is that the University authorities and the Acting Vice-Chancellor himself had come out saying that the action is illegal.

MR. SPEAKER: Please try to relate it to the next week's business.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: The Education Minister himself gave an assurance that no action against the teachers will be taken without the concurrence of the University, but the Management is somehow very strong, it appears and very corrupt too. Not that I am levelling any wild allegation. The PAC report itself has pointed out that this management had swindled the money which was given by the UGC. Now, they wanted to take Rs. 60,000 from the management. The point is this. We want to raise a discussion here whereby we could discuss all these points. The University should be given sufficient powers. If necessary the University Act should be amended to give powers to firmly deal with the management. Government should come forward with a statement saying that the suspension of teachers is withdrawn, forthwith. I want to raise this matter by way of a short-duration discussion next week and I would also request the Government to come forward with an amending Bill of the Delhi University Act as soon as possible providing sufficient powers to the University in this matter.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): Sir, we have received very distressing reports which have appeared in the papers regarding the semi-famine conditions prevailing in the State of Orissa because there is absolutely no rain in this month. This is the planting season. Many of the seelings have completely withered, paddy fields practically cracked; the Hirakud reservoir and Jalapur reservoir have not been filled up with water yet and this in turn has affected the electricity supply. Because of these semi-famine conditions there has been distress sale of utensils and various labourers who used to be engaged in agriculture operations have left their homes and they have migrated elsewhere. The Orissa Government says that 839 gram panchayats have been declared as distress areas. The Government of Orissa have moved the Centre in this matter. A Central team should be sent there to assess the position there. The Minister should come out with a statement. This is my respectful submission.

SHRI S. M. BANERJEE: (Kanpur): Sir, I raise an important issue which agitates the minds of more than 22 lakhs of Central Government employees and State Government employees in the country and I wish to point out that as per the recommendations of the Central Pay Commission, whenever there is a particular rise of cost of living index, the Central Government employees are entitled to a slab of dearness allowance. The Minister has agreed and he has declared that from 1st April 1974 the Cen-

tral Government employees are entitled to two slabs of D.A. The first is from 1st April 1974. Another according to us is from 1-5-74 but according to the Government from 1-6-74. This dearness allowance has become due to the Central Government employees long before the ordinance has come into existence. Once it is admitted that their recommendation is accepted it is clear that they will be entitled to this slab of dearness allowance as and when this thing takes place. The Cabinet Secretary made a statement in the press conference that it is not the Government's intention to withhold the dearness allowance. Mr. Ganesh is here and I am happy about it. He should make a statement that this D.A. would be paid immediately and this will not come under the mischief of the ordinance which has been promulgated in the month of July.

There is another matter and this is about the Provident Fund employees. They are entitled to a wage revision and this has been agreed by the Board of Trustees. The Labour Minister has okayed the thing.

Both of them were parties to this. But, this was not okayed by the Finance Minister.

Lastly, I want a statement from the Home Minister regarding the atrocities committed on the harijans in U.P. and other places. My hon. friend has quoted a statement that the Times of India representative has been arrested under D.I.R. because of the heinous crimes committed by him by the district authorities. I want the Home Minister to make a statement in this regard.

I would like the Finance Minister to immediately declare that the further instalments of D A. already due would be paid to the employees without any reduction

**श्री रामरतन शर्मा** (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, बांदा के स्टेट्समैन के पत्रकार श्री बी० डी० गुप्ता जी लगभग 3 वर्ष से हरिजन समस्याओं को उठा रहे है, हरिजनों पर जो अत्याचार बादा जिले मे किए गए, अपने पत्र के द्वारा उसे पूरे देश के ज्ञान मे ला रहे है उन्हें इस सरकार ने जो सरकार यह कहती है हरिजनो का वह काफी सरक्षण कर रही है डी०आई०आर० मे गिरफ्तार किया। हरिजनो पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले को सरकारी कर्मचारियो ने डी० आई० आर० मे गिरफ्तार नही किया बल्कि उन को सडको पर हथकडी डाल कर घुमाते हुए ले गए, जेल मे उन को एक अकेली कोठरी मे चार दिन तक रखा, उन को जमानत नही होने दी गई। मै आप का ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूं और आग्रह करता हू कि आप गृह मत्री स कहे कि वह इस पर अगले सप्ताह बयान दे।

SHRI K. S. CHAVDA (Patan): Sir, the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for the year 1970-71 has not yet been discussed until now. As a matter of fact this should have been discussed in 1972. The motion regarding this report has been admitted by you. And that is why the discussion on this report should be held in the next week

SHRI H. M. PATEL (Dhanduka): Why not we discuss the remaining reports also?

SHRI K. S. CHAVDA: They are lagging behind; the reports have not yet come. They talk a lot here and outside the House regarding upliftment of the S C and S.T. But. in actual practice the report of the Commissioner for the year 1970-71 was received in 1974 And we shall be discussing the reports like calling attention discussion. What is the use of discussing

the report of 1970-71 in the year 1974? The unfortunate part of it is that that report is still not being discussed

My last request is regarding inclusion to and exclusion from the list of scheduled castes and scheduled tribes order. A bill in this regard should be introduced in Parliament Even the assurance of the Minister to Shri Kachwai was not implemented I demand that the Bill should be brought in at least in the next session

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) अध्यक्ष महोदय, मैं प्राविडेंट फंड कार्यालय मे काम करने वाले हजारो कर्मचारियो के सिलसिले मे सवाल उठा कर यह कहना चाहता हू कि इस सवाल पर इस सदन मे बहस हो। अगर यह संभव नही हो तो श्रम मंत्री एक विस्तृत बयान दें क्योकि उनका नाम भी इस मे सम्मिलित है। स्थिति यह है कि तृतीय वेतन आयोग की रिपोर्ट निकली। प्राविडेंट फंड कार्यालय मे काम करने वाले कर्मचारियो ने सरकार से माग की कि उन के लिए अलग वेतन-मान पुनरीक्षित किया जाय, अर्थात रिवीजन किया जाय। इस माग के तहत बातचीत चली। श्रम मंत्री से भी बात हुई और सैंट्रल बोर्ड आफ ट्रस्टीज जो प्राविडेंट फंड का है उन से भी बात हुई। उन्होने एक सब-कमेटी बनाई। उस ने एक सुझाव पेश किया और उसे ट्रस्टी बोर्ड ने भी सर्व-सम्मति से मान लिया जिसे बाद मे श्रम मंत्री ने भी स्वीकार किया और कहा कि सरकार रिवीजन आफ पे मानेगी, यह दावे के साथ उन्होने विश्वास दिलाया कर्मचारियो को। लेकिन बाद मे अब यह कहा जा रहा है कि सरकार वेतन आयोग से आगे जाने को तैयार नही है, कर्मचारियो को पुनरीक्षित वेतन मान नही दिया जायगा।

अब इस सवाल को लेकर उनके अन्दर बड़ा असन्तोष है। एक आन्दोलन का सिलसिला उन्होने शुरू किया है और अभी श्रम मंत्री के कार्यालय के सामने चार-पाच दिनो से वे भूख हड़ताल पर बैठे है।

इस सम्बन्ध मे मैंने एक चिट्ठी वित्त मंत्री जी को लिखी थी जिसमे मैंने कहा था कि पुनरीक्षण की उन की मागे सही है। श्रम मंत्री उन को इस का आश्वासन भी दे चुके है। बोर्ड के ट्रस्टीज का एक मत फैसला है कि आप इसे स्वीकार कीजिये। लेकिन उन्होने जवाब दिया कि हम तृतीय वेतन आयोग से आगे जाने के लिये तैयार नही है।

अध्यक्ष महोदय, यह बड़े महत्व का सवाल इस लिये है कि हजारो कर्मचारी पूरे हिन्दुस्तान के राज्यो से फैले हुए है, यदि इस का हल न निकाला गया तो आगे बड़ी दिक्कत होगी हंगामा होगा।

दूसरी बात श्री शंकर दयाल सिंह जी उठाने वाले है—मैं उन के समर्थन मे अभी से कुछ कह देना चाहता हू यह विषय ट्रैक्टर फैक्टरी का है

**श्री डी० एन० तिवारी** (गोपालगंज) अभी नही।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना). सुन लीजिये।

**अध्यक्ष महोदय** आप को वे गलती से कह रहे है, इस को रहने दीजिये। उन को ही उठाने दीजिये।

श्री रामग्रवतार शास्त्री : सुन लीजिये बिहार मे जो ट्रैक्टर फैक्टरी बनने वाली है उस को उठा कर आप यू० पी० मे ले आना चाहते हैं—यह गलत है। वहां छोटे ट्रैक्टर बनाइये और यू० पी० में बड़े ट्रैक्टर बनाइये—ऐसा कोई रास्ता निकालिये।

13.43 hrs.

[SHRI JAGANNATHAN JOSHI *in the Chair*]

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): Chairman, Sir, I am grateful to you for permitting me to raise one serious matter pertaining to my home city and constituency—Ahmedabad—where the housing conditions are at present deplorable and even dangerous.

In textile areas, particularly Old Chamanpura colony more than 360 families are living in blocks built by the Gujarat Housing Board. These blocks are built in such a way that on the Colony's town planning road on both sides right above that road—the high tension grid wires pass. Particularly in the monsoon season there are blasts, short-circuits and wire-cuts. Because of this kind of hazard, two young children died last year. Therefore, these grid wires should either be removed or the people who are living there should be given permission to build their houses in such a way that they can provide some security against this danger.

Then there is the problem of slum dwellers, and unfortunately their number runs into lakhs. Now, particularly in areas like Gulbai Tekra, these people are being forcibly evicted and many of them are finding a lot of difficulty during this monsoon period. No proper amenities exist for these slum dwellers. It is a veritable hell. It is said about the Moghul Emperor Jehangir that when he was in Kashmir he was so enhanted the place that he quoted one Persian couplet ending with the words "Hamin Asto; Hamin Asto; Hamin Asto" (This is heaven; this is heaven, and this, is heaven). But one can say about the slum called "Kolaba", for example in Ahmedabad that it is a veritable hell where not even essential amenities have been provided for the last so many years. I want the Minister for Works and Housing and the Slum Clearance Board of Gujarat to look into this matter. The Government should give more funds to the Slum Clearance Board of Gujarat to tackle this problem.

Finally, the lower middle class people living in areas in the walled city of Ahmedabad are also finding housing difficulties. Some of them live in precarious buildings. If they are not given certain facilities like cement they would be on the road. They require only a bag or two of cement. Their requirement for cement should be fulfilled. These houses may collapse any minute if there is big rainfall. These are some of the problems of the poor and middle class people and the under-dog in my constituency and, I hope, the Gujarat Administration under the direct supervision of Centre will do something quickly both in terms of helping and also in terms of finding more money for these poor house dwellers so that they may be able to live without any danger to their life and property, particularly during the monsoon season.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): I join with Shri S. M. Banerjee in demanding that the Government must immediately make an announcement regarding the payment of dearness allowance. Two instalments are already due to the lakhs of Central Government employees. If the Central Government play this mischief with their employees, the State Governments will also do the same thing. But we find that the prices are still rising. I would request the

[Shri Dinen Bhattacharyya]

hon. Minister of Parliamentary Affairs to convey our feelings to the Government. Shri K. R. Ganesh is here and he should make an immediate announcement.

My next point is regarding nationalisation of textile mills, at least those mills which have been taken over by the company. In my State of West Bengal, 14 mills have been taken over. The condition of all these milk is very precarious. Government had assured us at the meeting of the consultative committee attached to the Ministry of Industrial Development that a Bill would be brought forward for the nationalisation of the textile mills. But I do not know wheher any Bill is going to be brought forward in that connection during this session or not. I would request Shri Raghuramaiah to convey this to the hon. Minister concerned.

Lastly, the power position in West Bengal is precarious. You will be astonished to know that throughout West Bengal, specially in the industrial belt as well as in the agricultural areas, the people are becoming mad for want of power. The big industrialists, the medium one and also the small ones are all finished. Especially the small industrialists have been finished. Even the ordinary consumers are not getting power. Yet no promptness is being shown by the State Government or the Central Government in dealing with this issue. So, I would request the Government to come forward with a statement on this.

**श्री मधु लिमये** (बांका) : सभापति महोदय, मैं चाहता हूं कि अगले सप्ताह इस सदन में पूर्वी भारत में जो अकाल की स्थिति उत्पन्न हो रही है उस के ऊपर 193 के तेहत बहस करवाई जाए। आसाम और बिहार की रिपोर्ट आ चुकी है कि वहां भूख के चलते लोग मरने लगे है, कुछ मौतें हो चुकी है, बच्चों को बेचा जा रहा है। मंत्री महोदय पहले इस पर बयान दें और बाद में 193 के तेहत इस के ऊपर बहस हो।

इसी तरह की इन्सानियत का दूसरा सवाल जो मैंने कल उठाया था—बम्बई में रेल मंत्रालय के निकम्मेपन के चलते जिन मजदूरों को डिस्मिस किया गया था उन को काम पर नहीं लिया गया है। नतीजा यह हो रहा है कि लोकल ट्रेन्ज ठीक ढंग से नहीं चल रही हैं। 16 रैक्स अभी तक ना-दुरुस्त अवस्था में है। भीड़ की घुटन के चलते लोग मर रहे है, दो-तीन आदमियों की मौतों की खबरें मेरे पास पहुंची हैं। क्या रेल मंत्री के इसके ऊपर वक्तव्य देंगे और इस पर चर्चा करने का मौका देंगे।

बिहार में इस वक्त जो आन्दोलन चल रहा है उस में मंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर को भागलपुर जेल में रखा है। वहां उस के साथ ऐसा दुर्व्यवहार किया जा रहा है कि उन को अनशन शुरू करना पड़ा है। हमारी पार्टी के जैनरल सैक्रेटरी श्री सुरेन्द्र मोहन को मोतिहारी के कलेक्टर ने न केवल गिरफ्तार किया, बल्कि उन के साथ ही बेहुदे ढंग में व्यवहार किया, उन के साथ गाली-गलौज की और कहा कि आप की हैसियत क्या है, उन के खिलाफ़ झूठे मुकदमे जारी किए गए हैं।

अन्त में, डीयरनेस एलाउन्स के फ़ीज़ की जो बात चल रही है उसके सम्बन्ध में मुझे यह कहना है कि डीअरनस एलाउन्स जिस आधार पर आका जाता है, कैल्कुलैट किया जाता है, उस इन्डेक्स नम्बर में अब परिवर्तन करने की जरूरत है। कलकत्ता में एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट के बाद, जिस के तेहत यह कहा गया है कि मजदूरों के महगाई भत्ते में 50 रूपये माहवार की चोरी हो रही है—यहीं स्थिति सभी शहरों में है। आल इंडिया इंडैक्स नम्बर में भी परिवर्तन की जरूरत है और जो डी० ए० उनको मिलना चाहिए वह भी उनको दिया जाना चाहिए। इसके साथ साथ उस में परिवर्तन करने का काम भी किया जाए।

-कौंसिल की बैठक हुए हैं। मैंने बिहार का मामला उठाया है। श्री कर्पूरी ठाकुर और श्री सुरेन्द्र मोहन के साथ जो दुर्व्यवहार किया है, उसके बारे में सदन को बतलाना चाहिए।

**श्री शंकर दयाल सिंह** (चतरा) : बिहार स्थित एग्रो इन्डस्ट्रीज डिवेलपमेंट कारपोरेशन ने भारत सरकार को एक ट्रैक्टर कारखाने के बारें में लिखा था और भारत सरकार ने 5 नवम्बर 1973 को जो पत्र भेजा उसके अनुसार उन्होंने इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए बिहार सरकार को कहा। इसके परिणाम स्वरूप उस कारपोरेशन ने एच एम टी पर्जीर में कोलाबोरेशन किया और ट्रैक्टर कारखाने खोलने की दिशा में काम शुरू हुआ। उस पर अब तक लगभग 25-30 लाख रुपया खर्च भी हो चुका है। अब यह पता चला है कि उक्त ट्रैक्टर कारखाने वहां से आप उत्तर प्रदेश में ले जाना चाहते हैं और इसके बारे में साजिश चल रही है। आप देखें कि 25-30 लाख रुपया वहां खर्च हो चुका है, बहुत से कर्मचारी बहाल कर दिए गए हैं, पचास एकड़ जमीन इसके लिए ले ली गई है। यह सब हो चुकने के बाद अब पता चला है कि उक्त कारखाने को उत्तर प्रदेश में ले जाने की साजिश चल रही है। मैं सम्माननीय मंत्री से अनुरोध करूंगा कि उत्तर प्रदेश एक सम्पन्न प्रान्त है और हम लोग उसके बराबर नहीं हो सकते हैं। बिहार एक गरीब प्रान्त है, अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। कम से कम इस समस्या से हम लोगों को उबारें। मैं चाहता हूं कि अगले सप्ताह भारी उद्योग मंत्री अथवा औद्योगिक विकास मंत्री इस सम्बन्ध में स्पष्ट बयान सदन की पटल पर रखें ताकि सारी स्थिति साफ हो सके।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (ग्वालियर) : आने वाले सप्ताह की कार्यवाही में कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं जिन को लिया जाना आवश्यक है। सरकार तथा कुछ व्यक्तियों के द्वारा काश्मीर के सम्बन्ध में चर्चायें शेख अब्दुल्ला के साथ की जा रही हैं। उनके कारण नाना प्रकार की भ्रान्तियां देश में फैलती जा रही हैं। गृह मंत्री बैठे हुए हैं। उन से मैं कहना चाहता हूं। कच्चा-टिवू का भी आपने प्रदान कर दिया है। उसको देखो हम लोगों की शंकायें और भी बढ़ गई हैं। मै चाहता हूं कि आप स्पष्ट बात इसके बारे में बतायें कि काश्मीर के बारे क्या चर्चा भारत सरकार शेख अब्दुल्ला के साथ कर रही है।

रेल कर्मचारियों के साथ हड़ताल के दिनों में बहुत ज्यादतियां की गई हैं, उनके परिवार वालों के साथ बहुत दुर्व्यवहार किया गया है। इसके बारे में सरकार ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया है। इस पर चर्चा करने का मौका हमें मिलना चाहिए। सरकार ने एक पक्षीय बात ही कही है। बहुत सी बातें और बहुत से उदाहरण हमारे पास भी हैं जिन से आपको पता चलेगा कि उनके साथ बहुत ज्यादती की गई है, उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया है। बहुत से लोगों को नौकरी से अलग कर दिया गया है। उनको नौकरी पर वापिस नहीं लिया गया है। सरकार के अपने आंकड़े है कि 5 लाख 81 हजार लोगों की सर्विस में ब्रेक किया गया है। मैं चाहता हूं कि इस सारी समस्या पर अगले सप्ताह हमें चर्चा करने का मौका दिया जाए।

देश में हरिजनों के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं उनकी संख्या बढ़ती जा रही है। इस कारण से उन में आतंक फैला हुआ है। इस पर भी चर्चा होनी चाहिए। कमिशनर की 1971-72 की रिपोर्ट आई हुई है। उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। अगर कभी चर्चा होती है तो जो कहा जाता है कि उस पर अमल नहीं किया जाता है। मेरा निवेदन है कि इस पर चर्चा हो। एक बिल भी पेंडिंग पड़ा हुआ है, सीड्-यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स बिल। उसके बारे में कमेटी बनी थी। उस पर लाखों रुपया खर्च हुआ। उस बिल के बारे में अभी तक आप कोई निश्चय नहीं कर सके हैं। मैं चाहता हूं कि उस पर भी चर्चा हो।

**श्री भागवत झा आजाद (भागलपुर) :** मुझे आश्चर्य और दुख है कि उत्तर प्रदेश में एक ट्रैक्टर का कारखाना होने के बावजूद भी बिहार जैसे पिछड़े हुए प्रदेश के, जिस के पिछड़ेपन की दुहाई सभी नेता भी देते हैं, वहां जो ट्रैक्टर कारखाना लगने वाला है और जिस के लिए वहां की एग्रो कारपोरेशन ने पचास एकड़ जमीन भी ले ली है, कुछ कर्मचारी भी बहाल कर लिए हैं और तीस लाख रुपया भी खर्च कर लिया है इसको अब उत्तर प्रदेश में ले जाने की साजिश की जा रही है। यह सब कुछ कर चुकने के बाद भारत सरकार के अफसरों को और बंधुओं को यह ज्ञान हुआ कि इसको उत्तर प्रदेश में ले जाना चाहिये। मैं नहीं समझता हूं कि इससे बड़ा अन्याय उस के साथ और कुछ भी हो सकता है। अगर ऐसा हुआ तो हम लोग इसको जोरदार कम्पेन का प्वाइंट बनाएंगे यह साफ बात है और नेतागण इसको सुन लें। यह न्याय की बात नहीं है। एक फैसला हुआ, जमीन हमने ले ली कुछ कर्मचारी बहाल हो गए, तीस लाख खर्च भी कर दिया गया, अब चूंकि बिहार के नेता इतने सशक्त नहीं है, इसलिए इसको वहां से उत्तर प्रदेश आप ले जाएं, यह नहीं होना चाहिये।

मैं यह भी चाहता हूं कि शिक्षा मंत्रालय दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से मेरी इस बात को कहे। वेसस मेरी स्कूल की प्रिंसिपल ने एक लड़की और उसके अभिभावक के झगड़े को ले कर आप जिन लड़कियों ने परीक्षा पास कर ली है, जिन का परीक्षा फल निकल गया है रिजल्ट आउट हो गया है, उसके रिजल्ट को विदहोल्ड वह करना चाहती हैं। वह इस कारण से एक गार्डियन और उनकी पुत्री से उनका झगड़ा हो गया। आज वह कहने लग गई हैं कि इनके लैक्चर शार्ट थे। उसी प्रिंसिपल ने लैक्चर शार्ट होने के बावजूद उनको भेजा, उनका इम्तहान हुआ, उनका रिजल्ट आउट हुआ, वे पास हो गई हैं लेकिन अब वह कहती हैं कि हम इसको होने नहीं देंगे। इसके बारे में भी मैं चाहता हूं कि शिक्षा मंत्री एक बयान दें।

हरिजनों के सम्बन्ध में मैं एक बात कहना चाहता हूं। संथाल परगना के महागामा ब्लाक के अन्दर परसा गांव के भूमिहीन हरिजनों ने जो मकान बना लिए हैं उनको सरकार अब तोडना चाहती है यह कह कर कि यह गोचर जमीन पर बने हैं जबकि उसी गोचर जमीन पर मोटी मोटी असामियों ने मकान ही नहीं बना लिए हैं बल्कि उसको जोत भी लिया है। यह चीज वहां पर जो बी डी ओ है या कर्मचारी हैं उनको दिखाई नहीं देता है। मैंने इस सवाल को अब यहां इसलिए उठाया है कि बिहार सरकार के हर मंत्री को मैं लिख चुका हूं जब पन्त जी थे तब उनको लिख चुका हूं, मिश्रा जी को लिख चुका हूं लेकिन कुछ नहीं हुआ है। मैं भी सफल काम करता हूं। चूंकि अब तक कुछ नहीं हुआ है, इसलिए मैं आप इसको यहां उठा रहा हूं। काफी समय तक पेशेंटली मैंने इंतजार किया है। मैं चाहता हूं कि अगर वह गोचर जमीन है और उस पर से आप हरिजनों को उखाड़ना चाहते हैं तो उनको आल्टरनेटिव जमीन आप दे दें और उनको हटा दें लेकिन उसके साथ साथ जो मोटी मोटी असामियां वहां बस गई हैं उनको भी आप उखाड़ दीजिये। बेचारे गरीब हरिजनों के साथ इस तरह का अन्याय आप न करें। मैं पत्र लिख चुका हूं और चूंकि कुछ नहीं हुआ है, इसलिए मैंने इस सवाल को आज यहां उठाया है।

**श्री राम चन्द्र विकल (बागपत) :** मैं डी एम एस के सम्बन्ध में एक प्रश्न उठाना चाहता हूं। यह दिल्ली, गुड़गांव, बुलन्दशहर और मेरठ इन चार जिलों से सम्बन्ध रखता है। आज से पहले आप कोये और कीम पर पाबन्दी दो महीने के लिए लगाया करते थे या उससे कम समय के लिए लगाया करते थे।

इस वर्ष आपने यह पाबन्दी चार महीने के लिए लगाई । दूध बेचने का काम हजारों छोटे छोटे किसान और हरिजन भाई करते हैं । मालदार जो किसान हैं वे दूध बेचने का काम नहीं करते हैं । गर्मियों के मौसम में उनको जरा ज्यादा दाम मिल जाते हैं । लेकिन यह पाबन्दी लगा कर आप उनको इससे वंचित कर देते हैं । इन गरीब लोगों की रोजी जो दूरस्थ स्थानों में रहते और काम करते हैं चार महीने के लिए आपने बन्द कर दी है । जब बहुत बड़ा डैपुटेशन आ कर यहां आप से मिला था तब उसको आश्वासन दिया गया था कि दिल्ली में बारिश शुरू होते ही इस पाबन्दी को हम हटा देंगे । बारिशें शुरू हुए आज 20-25 दिन हो गई हैं । एक-एक दिन मैं चेयरमैन को और सत्र को याद दिलाते आ रहा हूं और लिख कर भी भेजा है कि अपने आश्वासन को आप पूरा करो और जो पाबन्दी आपने इन चार जिलों पर लगाई है इसको हटा दो । रोज यही कहा जाता है कि गजट आज हो रहा है कल हो रहा है । इस प्रकार गजेट होते-होते एक सप्ताह हो गया है । मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है । आखिर यह सरकारी मशीनरी किस तरह से काम कर रही है मुझे समझ मे नहीं आता है । 31 जुलाई को वैसे ही यह अवधि समाप्त हो रही है । आज 26 हो गई है । पांच दिन और हैं । पाच दिन और आप अपनी बात को पूरा कर लो और पांच दिन और देरी कर लो । लेकिन आइंदा के लिए मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगले वर्ष से इस तरह की पाबन्दी हर्गिज नहीं लगने दी जाएगी । कोई भी आश्वासन पूरा नहीं होता है ।

सौभाग्य से कृषि मंत्री श्री मौर्य सदन में बैठे हुए हैं । इस विषय का उन के इलाके से भी सम्बन्ध है और उन के विभाग से भी सम्बन्ध है । इस सम्बन्ध में डेपूटेशन पहले उन से मिलते भी रहे हैं । अगर यह गजेट होने में एक हफ़्ते का समय लगेगा तो उस का क्या कारण है ? अगर सरकार अपनी मशीनरी पर काबू नहीं पा सकती तो पता नहीं इस देश का क्या होगा । सरकार के किसी आदेश का पालन नहीं होता है और कोई आश्वासन भी पूरा नहीं होता है । लोगों में असंतोष और निराशा फैलते जा रहे हैं और हम लोग उस का कुछ समाधान नहीं कर पाते हैं । अगर मंत्री महोदय इस बारे में कुछ कह दें तो अच्छा है ।

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: Shri Chavda and Shri Kachwai raised the question of the discussion of the report of the Commissioner for Scheduled Castes and Tribes. This has already been listed in the probable business for the current session. When considering the arrangement of the business of the House, keeping in mind the emergencies of other work, we shall certainly bear in mind the grave anxiety of the members concerned. The rest of the points shall be communicated to the concerned Ministries.

SHRI S. M. BANERJEE: I have raised the question of the two inslatments of dearness allowance which have fallen due. There is a fear that Government want to bring these two instalments from 1st April and 1st June within the mischief of the Ordinance, even though they have fallen due before the promulgation of the Ordinance. Otherwise, grave injustice will be done to the Central Government employees.

MR. CHAIRMAN: The Finance Minister will take notice of it.